आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 09.06.2025 समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गढ़वाल क्षेत्र में अग्रिम चौकियों पर परिचालन तैयारियों की समीक्षा की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।
- चारधाम में संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को त्रिस्तरीय स्तर पर सशक्त बनाया। अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत टिहरी जिले में 15 दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

थल सेना अध्यक्ष

थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गढ़वाल क्षेत्र में अग्रिम सैन्य चौकियों पर तैनात सैन्य बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने वहां सैनिकों से बातचीत की और देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने सैनिकों से परिचालन तैयारियों में उच्च मानकों को बनाए रखने और निरंतर सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

जनरल द्विवेदी ने ज्योतिर्मठ में अपनी तरह के पहले सामुदायिक रेडियो स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इस पर शिक्षा, पर्यावरण, मौसम, मनोरंजन, रोजगार, आपदा तैयारी, पर्यटन, स्वास्थ्य और पारंपरिक कलाओं से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे।

थल सेना अध्यक्ष ने इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुछ पूर्व सैनिकों को वेटरन्स अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया।

धन्यवाद रैली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करके संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सपना साकार किया है। हरिद्वार के मंगलौर विधानसभा में धन्यवाद रैली का शुभारंभ करते हुए श्री धामी ने कहा कि यूसीसी में सभी वर्गों और धर्मों के लिए एक समान कानून लागू किया गया है। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें किसान सम्मान निधि, किसानों को उचित मूल्य और किसानों की फसलों का बीमा शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। हरिद्वार जमीन घोटाले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी करवाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लिब्बरहेडी ग्राम सभा में महाराजा सूरजमल के नाम से खेल स्टेडियम के निर्माण की भी घोषणा की।

मानसिक चिकित्सालय

नैनीताल जिला मुख्यालय के निकट गेठिया क्षेत्र में निर्माणाधीन 100 बिस्तरों वाला मानसिक चिकित्सालय अगले वर्ष 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। यह अस्पताल देहरादून के सेलाकुई स्थित प्रदेश के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय के बाद दूसरा मानसिक चिकित्सालय होगा। वर्तमान में अस्पताल का निर्माण कार्य 20 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

नैनीताल–उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल की विधायक सरिता आर्य और अधिकारियों के एक दल के साथ रविवार को इस निर्माणाधीन मानसिक चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान श्री भट्ट ने बताया कि 44 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इस चिकित्सालय का निर्माण होना है जिसमें शासन द्वारा अब तक लगभग 14 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं।

**चारधाम स्वास्थ्य सुविधाएं**

चारधाम यात्रा में इस बार श्रद्धालुओं की आस्था के साथ–साथ उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को ध्यान में रखते हुए इस बार स्वास्थ्य सेवाओं को त्रिस्तरीय स्तर पर सशक्त बनाया गया है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है।

स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता इस वर्ष केवल तीर्थयात्रियों की संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इसके लिए सरकार तकनीक, विशेषज्ञता और मानव संसाधन तीनों पर समांतर रूप से कार्य कर रहे हैं।

रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में इस बार 49 स्थायी स्वास्थ्य केंद्र और 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को सक्रिय किया गया है। वहीं ट्रांजिट जिलों– हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और पौड़ी में भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इस वर्ष चारधाम यात्रा में 31 विशेषज्ञ डॉक्टर, 200 मेडिकल ऑफिसर, 381 पैरा–मेडिकल स्टाफ यात्रा मार्ग पर तैनात किए गए हैं। इसी तरह केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक 17 बेड का नया अस्पताल भी सेवा में लाया गया है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत टिहरी जिले के भिलंगना विकास खंड के सभी ग्यारह न्याय पंचायत स्तर पर 29 मई से 12 जून तक 15 दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत पिलखी गांव में आयोजित गोष्ठी में किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने और जैविक खेती के बारे में जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी के वैज्ञानिक डॉ. सचिन ने बताया कि किसानों को कीटों से फसलों के बचाव और जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से फसलों को बचाने के बारे में जानकारी दी गई।

सहायक कृषि अधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि गोष्ठी में किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

योग दिवस

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रदेश भर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि की नमामि गंगे समिति की ओर से ग्राम त्युंग स्थित तुंगेश्वर महादेव मंदिर में विशेष संगोष्ठी और योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वेद–पुराणों और भारतीय इतिहास में नदियों के संरक्षण की परंपरा पर प्रकाश डाला गया, ताकि समाज में जल स्रोतों के प्रति जागरूकता बढ़े।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर केसी दुदपुड़ी ने जल और योग के पारस्परिक संबंधों पर चर्चा की तथा ग्रामीणों से नदियों के संरक्षण व स्वच्छता के लिए सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति में पंच तत्वों के महत्व और नदियों की पवित्रता पर गहन विवेचना प्रस्तुत की गई।

## दुर्घटना

अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा थाना क्षेत्र में कल एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब लमगड़ा के बक्स्वाड से जवाहरनेडी जा रहा एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया और घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

## एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

हरिद्वार जमीन घोटाले पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखा है– भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे, नुकसान की वसूली भी की जाएगी।

गर्मी ने किया बेहाल, दून में पारा 37 डिग्री पार– ये खबर आज अमर उजाला की सुर्खी है।

मणिपुर हिंसा को आज सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकासित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– मणिपुर में फिर हिंसा, पांच जिलों में पाबंदी।

देश में जनगणना पर दैनिक जागरण लिखता है– जनगणना के बाद परिसीमन में महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी एक–तिहाई सीटें।

हेलीकाप्टर दुर्घटना पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है... उत्तराखंड में हेली सेवाओं के लिए गाइड लाइन बनाएगी सरकार यात्रियों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।